आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार दिनांक 23.09.2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

- केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पच्चीस लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन देने का फैसला किया।

- प्रदेश के नगरीय निकायों में अब स्ट्रीट लाइटिंग के कार्य पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से भी कराए जा सकेंगे।

- स्कूल शिक्षा विभाग ने "विद्या समीक्षा केन्द्र" के अंतर्गत शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने विकसित किया मोबाइल ऐप।

- राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी आयोजित किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

<u>उज्जवला योजना–एलपीजी कनेक्शन</u>

केन्द्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पच्चीस लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन देने का फैसला किया है। महिला लाभार्थियों का अभिनंदन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार का यह कदम नवरात्र के पवित्र अवसर पर महिलाओं को नई खुशी देगा। उन्होंने कहा कि यह पहल सशक्तिकरण के संकल्प को और सशक्त करेगी।

<u>प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना</u>

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – आयुष्मान भारत के आज सात वर्ष पूरे हो गए है। सितंबर दो हजार अट्ठारह में रांची से शुरू की गई यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी सहायता प्राप्त स्वास्थ्य बीमा योजना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आयुष्मान भारत के कारण देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आ रही है। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वस्थ भारत, विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी है।

स्ट्रीट लाइट

प्रदेश के नगरीय निकायों में अब स्ट्रीट लाइटिंग के कार्य पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से भी कराए जा सकेंगे। नगरीय प्रशासन विभाग ने इन निधियों से किए जाने वाले कार्यों की सूची में नई कंडिका जोड़ते हुए अब वार्षिक पात्रता राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि प्रकाश व्यवस्था के लिए खर्च करने की अनुमति दे दी है। इस संबंध में सभी नगर निगमों के आयुक्तों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी किया ळें

<u>स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान</u>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत आज प्रदेश के प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय मिशन–पीएम जनमन क्षेत्रों में विशेष जनजातीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से पिछड़े जनजातीय समूहों सहित हजारों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा प्रदान की गईं। इस अभियान के तहत चौबीस जिलों में लगभग पचासी स्वास्थ्य शिविरों का संचालन किया गया।

वहीं, रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में भी 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बायोकैमिस्ट्री विभाग ने एसोसिएशन ऑफ बायोकैमिस्ट्री क्लिनिकल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भावस्था और नवजात शिशु जांच पर विशेष शिविर आयोजित किया।

"स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के तहत छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान–सिम्स बिलासपुर के बायोकैमिस्ट्री विभाग द्वारा "सिकल सेल डिजीज़" की जानकारी और उपचार के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार, सिकलसेल की जांच, निदान और उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर में चवालीस व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

<u>स्वच्छता ही सेवा</u>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इन दिनों प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर ने स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान की लिटरेरी समिति द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं, मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के पोड़ीडीह स्थित पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आदि सेवा पर्व और स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। सेवा पखवाड़ा के तहत सूरजपुर जिले में दिव्यांग और वरिष्ठजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, सम्मान और सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शाामिल हुईं।

मुख्यमंत्री–धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी जिले के ग्राम करेली बड़ी में दो सौ पैंतालीस करोड़ अस्सी लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। वहीं, कुरूद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय महतारी सदन के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इंक्यावन महतारी सदनों का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग दो करोड़ दस लाख रूपए की लागत से निर्मित ये भवन महिलाओं के लिए सम्मान और आत्मनिर्भरता के नए केंद्र बनेंगे।

<u>मुख्यमंत्री–निःशुल्क बस सेवा</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर से डोंगरगढ़ तक मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस निःशुल्क बस सेवा का लाभ रायपुर से डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा। मां काली सेवा समिति द्वारा संचालित यह बस सेवा नवरात्र पर्व के दौरान नौ दिनों तक लगातार चलेगी। इस सेवा के तहत हर दिन चार बसें रायपुर से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ तक ले जाएंगी और उन्हें दर्शन के बाद वापस रायपुर लाएगी।

<u>शिक्षा विभाग–मोबाइल ऐप</u>

स्कूल शिक्षा विभाग ने "विद्या समीक्षा केन्द्र" के अंतर्गत शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया है। यह ऐप अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और इसे प्रत्येक शिक्षक द्वारा डाउनलोड कर पंजीयन करना तथा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इस व्यवस्था से शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड वास्तविक समय पर उपलब्ध रहेगा, जिससे विद्यालयीन अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

<u>सेवा पर्व</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है और युवाओं को भविष्य के रोजगार सृजक बनने के लिए सशक्त बना रही है।

11 साल पहले देश की सत्ता संभालते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सपना देखा था, देश के करोड़ों युवाओं को हुनरमंद बनाने का सपना। इसके लिए शुरू की गई स्किल इंडिया योजना, इसी योजना का हिस्सा है, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना। 15 जुलाई 2015 को शुरू हुई इस योजना ने एक दशक का लंबा सफर पूरा कर लिया है। अपने इस सपने को लेकर प्रधानमंत्री का कहना है।

इस योजना के तहत जुलाई 2025 तक करीब एक करोड़ तिरसठ लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें 45 फीसद महिलाएं हैं। ऐसे ही एक लाभार्थी छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के संजय नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

स्किल इंडिया मिशन ना सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी भारतीय युवाओं की क्षमता को नई पहचान दिला रहा है। आज स्किल इंडिया मिशन नए भारत की सशक्त पहचान बन गया है।

जीएसटी दर–उपमुख्यमंत्री

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की नई दरें कल से देशभर में लागू हो गई हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ में जीएसटी बचत उत्सव चला रही है। इसके अंतर्गत पार्टी नेता और कार्यकर्ता बाजारों का दौरा कर दुकानदारों और ग्राहकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। 'जीएसटी बचत उत्सव' अभियान का उद्देश्य जीएसटी में हाल ही में की गई दरों में कटौती को लेकर जनता को जागरूक करना है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बलौदाबाजार में आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर रन फॉर आयुर्वेदा का आयोजन किया गया। नगर पलिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी और स्कूली बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने का संकल्प लिया गया।

बस्तर ओलंपिक–पंजीयन

बस्तर संभाग में आगामी अक्टूबर–नवंबर महीने में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक के लिए कल से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दंतेवाड़ा जिले से इसकी शुरूआत की। इस ओलंपिक में भाग लेने के लिए खिलाड़ी बीस अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

गौरतलब है कि बस्तर ओलंपिक का विकासखंड स्तर पर आयोजन पच्चीस अक्टूबर से पांच नवम्बर तक, जिला स्तरीय आयोजन पांच से पंद्रह नवम्बर तक और संभाग स्तरीय आयोजन चौबीस से तीस नवंबर तक किया जाएगा।

गिफ्ट मिल्क योजना

भिलाई इस्पात संयंत्र–बीएसपी ने 'गिफ्ट मिल्क' योजना को कल बाईस सितंबर से फिर से शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत बीएसपी खदानों के बफर जोन के साठ गांवों के एक सौ चार शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले तीन हजार तीन सौ से अधिक बच्चों को हर दिन दो सौ मिलीलीटर का फ्लेवर्ड फोर्टिफाइड दूध उपलब्ध कराया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने कोयला घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया की लगभग आठ करोड़ रूपये की सोलह अचल सम्पत्तियों को कुर्क कर दिया है।

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन
सात से चौदह अक्टूबर तक नवा रायपुर में किया जाएगा।

– मौसम विभाग ने बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में छब्बीस सितंबर से भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>